केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 170 बुधवार 10 जनवरी 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### फास्ट ट्रैक कोर्ट से हो बीएचयू मामले की सुनवाई




**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती, । कांग्रेस जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू' ने कहा एनसीआरबी के आंकड़ों के आंकड़े बताते हैं कि उत्तर प्रदेश हत्या, अपहरण, रेप, गैंगरेप, जमीनों पर अवैध कब्जों के मामलों में नम्बर 1 पर है। वे पार्टी दफ्तर पर प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता कर रहे थे। उन्होने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता को भरोसा दिलाया था कि उनके शासन में गुण्डे या तो जेल में होंगे या फिर प्रदेश छोड़कर भाग जायेंगे।

उन्होने कहा सत्ता पोषित अपराधों के कारण यूपी की जनता भयभीत है। जातिगत भेदभाव के आधार पर गुण्डों, माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही हो रही है। आईआईटी बीएचयू परिसर में छात्रा संग हुये गैंगरेप मामले में आरोपियों को रिमाण्ड पर नही लिया गया, देश को शर्मसार करने वाले वारदात को अंजाम देकर आरोपी मध्यप्रदेश चले गये, वहां भाजपा का चुनाव प्रचार करते रहे। जानबूझकर उन्हे सत्ता का संरक्षण मिलता रहा।

ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने कहा वीवीआई के साथ आरेपियों की फोटो वायरल होने के बावजूद पार्टी ने उन्हे न तो पद से हटाया और न ही उनके घर बुलडोजर भेजा। कांग्रेस अध्यक्ष ने मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में करने कीम मांग किया है जिससे आरेपियों को जल्द से जल्द मृत्युदण्ड मिले। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने सुल्तानपुर में हुये विनोद उपाध्याय के एनकाउंटर को फेक बताते हुये कहा सरकार किसी धर्म या जाति विशेष की नही होती। न्याय और दण्ड की प्रक्रिया सभी के साथ समान रूप से होनी चाहिये। प्रदेश सचिव देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा राम मंदिर, सीएम योगी और एसटीएफ चीफ को बंम से उड़ाने की धमकी देने वालों ने गैर समुदाय को बदनाम करने और समाज में उनके प्रति नफरत फैलाने के इरादे से बेहद घटिया साजिश की।

आरोपी यदि वाकई मुसलमान होते तो अब तक सरकार उनकी हैसियत को नेस्तनाबूत कर चुकी होती, लेकिन खुलासे में जब आरोपी बहुसंख्यक समाज के निकले तो सरकार का पैमाना ही बदल गया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा देश की जनता कांग्रेस की नीतियों और विपक्ष में रहते हुये पार्टी द्वारा सत्ता पोषित बुराइयों से किये जा रहे संघर्ष को देखकर काफी प्रभावित है और 2024 में कांग्रेस को सत्ता में देखना चाहती है। उन्होने कहा भाजपा का चाल चरित्र चेहरा अब जनता के सामने है। हर प्रकार के रहस्यों से परदा उठ चुका है। झूठ फरेब, नफरत, दोहरे मापदंड की राजनीति के दिन खत्म हो रहे हैं, 2024 में इण्डिया गठबंधन एनडीए के छक्के छुड़ायेगा और एक बार फिर देश में सभी जातियों, धर्मो को लेकर चलने वाली सरकार बनेगी।

### उस्ताद राशिद खान के निधन पर शोक



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। शास्त्रीय संगीत के विद्वान तथा महान गायक उस्ताद राशिद खान जी अब हमारे बीच नही रहे । देश ने एक बहुत अच्छे और गुनी कलाकार को खो दिया है । आज सभी संगीत प्रेमी बहुत आहत हैं ।पण्डित ज्वाला प्रसाद संगीत सेवा संस्थान द्वारा उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई ।इसमे संगीत गुरु राजेश आर्या ने कहा कि उस्ताद जी की मृत्यु से शास्त्रीय संगीत जगत को बहुत बड़ी छति हुई है। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष विनोद उपाध्याय ,सचिव संतोष श्रीवास्तव छात्र एवं छात्राएं भी मौजूद रहे ।

# श्रीरामलला प्राण–प्रतिष्ठाः यूपी में 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश, बंद रहेंगे स्कूल–कॉलेज

**संवाददाता– अयोध्या ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्याधाम में बहुप्रतीक्षित श्रीरामलला के नवीन विग्रह की प्राण–प्रतिष्ठा समारोह से आम जनमानस के भावनात्मक जुड़ाव को देखते हुए 22 जनवरी को प्रदेश में शिक्षण संस्थाओं में अवकाश घोषित करने के निर्देश दिए हैं। इस विशिष्ट अवसर को 'राष्ट्रीय उत्सव' की संज्ञा देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि 22 जनवरी को प्रदेश में मदिरा आदि की दुकानें बंद रखी जाएं।



मंगलवार को अयोध्या दौरे पर आए मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला और हनुमान गढ़ी के दर्शन–पूजन के उपरांत श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। मकर संक्रांति के बाद प्रारंभ हो रहे प्राण प्रतिष्ठा के वैदिक अनुष्ठानों की जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री ने समारोह की सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं में तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सभी आवश्यक सहयोग के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके बाद, आयुक्त सभागार में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों से तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्राण–प्रतिष्ठा समारोह में आ रहे गणमान्य जनों को अयोध्या में बेहतर आतिथ्य प्राप्त होना चाहिए। हर एक वीवीआईपी के विश्राम स्थल का चयन पूर्व में ही कर लिया जाए। मौसम के दृष्टिगत संभव है कि कुछ अतिथि एक–दो दिन पहले ही आ जाएं, ऐसे में उनके रुकने की बेहतर व्यवस्था हो।

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि अयोध्या में होटल और धर्मशालाएं हैं। होम स्टे की व्यवस्था भी है। टेंट सिटी की संख्या और बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। कुंभ की तर्ज पर अयोध्या में 25–50 एकड़ में एक भव्य टेंट सिटी तैयार कराएं। 22 जनवरी के उपरांत अयोध्या में दुनिया भर से रामभक्तों का आगमन होगा। उनकी सुविधा के लिए पूरे नगर में विभिन्न भाषाओं में साइनेज लगाए जाएं। संविधान की 08वीं अनुसूची में सम्मिलित भाषाओं और संयुक्त राष्ट्र की 06 भाषाओं में साईनेज हों।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आतिथ्य–सत्कार में स्वच्छता एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। इसमें जनसहयोग लें। धर्म पथ, जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ, राम पथ जैसे प्रमुख मार्गों अथवा गलियों में धूल न उड़े, गंदगी न हो। जगह–जगह कूड़ेदान रखे हों। वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था हो। अभी 3800 से अधिक स्वच्छताकर्मी तैनात हैं, 1500 कर्मचारियों की संख्या और बढाएं। अयोध्या प्रतिबंधित पॉलीथिन मुक्त नगर हो, इसके लिए हम सभी को प्रयास करना होगा। 14 जनवरी से नगर में स्वच्छता विषयक विशेष अभियान चलाएं। नगर में कहीं भी गंदगी नहीं दिखनी चाहिए।

## हृदय, किडनी रोगियों के लिये श्रीकृष्णा मिशन हास्पिटल में लगा निःशुल्क चिकित्सा शिविर




**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । मंगलवार को श्रीकृष्णा मिशन हास्पिटल में हृदय और किडनी रोगियों के उपचार के लिये निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कुछ बड़ी जांचों के लिये मरीजों से न्यूनतम शुल्क लिया गया। हृदय रोग विशेषज्ञ डा. राजीव कृष्ण चौधरी, किडनी रोग विशेषज्ञ डा. सन्तोष कुमार ने 98 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें समुचित सुझाव दिया।

श्रीकृष्णा मिशन हास्पिटल के चेयरमैन बसन्त चौधरी ने बताया कि पूर्वान्चल के मरीजों की आवश्यकता को देखते हुये हास्पिटल को मल्टी हास्पिटल के रूप में निरन्तर विकसित किये जा रहे हैं। जनपद में हार्ट, किडनी और न्यूरो मरीजों को इलाज के लिये भटकना पड़ता था। अब हासिपटल में यह सुविधा उपलब्ध है। निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन इस उद्देश्य से किया गया जिससे ऐसे मरीज जो धन के अभाव में अपना इलाज नहीं करा पाते उन्हें सुविधा मिले। अब जनपद के हृदय रोग, किड़नी, न्यूरो के मरीजों को महानगरों में भटकना नहीं पड़ेगा। उनका अपने जनपद में ही उच्च कोटि का इलाज हो जायेगा।

श्रीकृष्णा मिशन हास्पिटल के चेयरमैन बसन्त चौधरी ने बताया कि कोरोना काल के बाद से ही हास्पिटल को अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक और सुयोग्य चिकित्सकों से समृद्ध किया जा रहा है। यही नहीं केन्द्र और प्रदेश सरकार के कल्याणकारी योजनाओं आयुष्मान भारत और कैशलेश चिकित्सा की पूरी सुविधा हास्पिटल में उपलब्ध है। बसन्त चौधरी ने जानकारी दिया कि श्रीकृष्णा मिशन हास्पिटल को माडल हास्पिटल के रूप में विकसित करने का उनका उद्देश्य मानव सेवा है। इस दिशा में हास्पिटल के सुयोग्य चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी निरन्तर मरीजों और उनके परिजनों का भरोसा जीत रहे हैं।

## पूर्व राज्य मंत्री श्रीपति सिंह को समाजवादी पार्टी का राष्ट्रीय सचिव बनाये जाने पर प्रसन्नता



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। पूर्व राज्य मंत्री श्रीपति को समाजवादी पार्टी का राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है। श्रीपति सिंह ने यहां जारी विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि संगठन ने उन्हें जो दायित्व दिया है उनका पूरा प्रयास होगा कि इस पर खरा उतरू। आगामी लोकसभा चुनाव में सपा की निर्णायक जीत के लिये वे पूरी ताकत झोंक देंगे।

श्रीपति सिंह को समाजवादी पार्टी का राष्ट्रीय सचिव नामित किये जाने पर सपा जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव, पूर्व मंत्री राम प्रसाद चौधरी, विधायक राजेन्द्र चौधरी, कविन्द्र चौधरी अतुल, पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, चन्द्रभूषण मिश्र, पूर्व महासचिव निजामुद्दीन, जमील अहमद, मुरलीधर पाण्डेय, पंकज सिंह, एबादुल हक, राजेन्द्र चौरसिया, सुरेन्द्र सिंह 'छोटे' के साथ ही पार्टी के अनेक नेताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा है कि निश्चित रूप से उनके लम्बे राजनीतिक अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा।

## जरूरतमंदों में किया कम्बल का वितरण



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। कडाके की ठंड से बचाव के लिये ऋषभ फाउंडेशन द्वारा जरूरतमंदों में कम्बल का वितरण रेलवे स्टेशन के निकट किया गया।

ऋषभ फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष डा हेमन्त पाण्डेय ने कहा कि फाउंडेशन द्वारा इस प्रकार से जन कल्याणकारी कार्य प्रायः किया जाता है। कई वर्षो से जनहित में कम्बल वितरित किया जाता है जिससे कोई ठंड का शिकार न हो।

समाज सेवी अपूर्ण शुक्ला ने कहा सर्दी लगातार बढ़ रही है कोई व्यक्ति ठंड की मार से पीड़ित न हो जिससे झुग्गी झोंपड़ियों में रह रहे जरूरतमंदों में कंबल वितरण किया गया है। समाज सेवी यल. के. पाण्डेय ने कहा कि जरूरतमंद ठंड के प्रकोप से बच सकें और आगे भी इस प्रकार से जो भी जरूरतमंद होंगे उनको कम्बल उपलब्ध कराया जायेगा। कम्बल वितरण में मुख्य रूप से गगन पाण्डेय, सोनू पाठक, अनिरुद्ध चौधरी, सोनू चौबे, आशुतोष सिंह, दिनेश तिवारी, प्रशांत यादव, मंटू उपाध्याय, डा आर जे शुक्ला आदि ने योगदान दिया।

## पुस्तक मेले में छात्रों ने खरीदी पसन्द की किताबें

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। टाउन क्लब में युवा विकास समिति और नेशनल बुक ट्रस्ट भारत सरकार द्वारा लगाया पुस्तक मेला हर आयु वर्ग के पाठकों को लुभा रहा है। एक स्थान पर विविध विषयों की पुस्तकें उपलब्ध करा रहे पुस्तक मेले में दिन भर लोगों की आवाजाही बनी रही। वहीं राजकीय कन्या इंटर कालेज, खैर इंटर कालेज और राजन इंटरनेशनल एकेडमी बस्ती के सैकड़ों बच्चों नें बुक स्टाल पर विजिट कर अपने जरुरत की किताबें क्रय की।



पुस्तक मेले के संरक्षक डॉ. नवीन सिंह नें बताया की बस्ती पुस्तक मेले में साहित्य तो अपनी जगह है ही, लेकिन इस बार बहुत कुछ नया लेकर आया है। बस्ती पुस्तक मेले बच्चों और नवयुवाओं के लिए नयी उपयोगी और प्रेरक सामग्री है। नयी तरह के पोस्टर, कार्ड्स और वैज्ञानिक उपकरण बच्चों के साथ बड़ों को भी आकर्षित कर रहे हैं।

पुस्तक मेले में युवाओं को मानों किताबों का खजाना मिल गया है। क्राइम, रोमांस, फिक्शन, नॉन फिक्शन, क्लासिक आदि जॉनर में यहां हजारों किताबें हैं। इस पुस्ध्तक मेले में बड़ी संख्ध्या में युवा पहुंच रहे हैं। किशोर और बच्चे भी अपने माता–पिता के साथ किताबें खरीदने के लिए आ रहे हैं।

डॉ नवीन सिंह नें बताया कि कई नवोदित लेखकों की किताबें भी यहां लगी हैं। पुस्तक मेले में हिंदी की बहुत कम किताबें हैं। इनमें नाटक और रंगमंच के विविध आयाम और पत्रकारिता से संबंधित किताबें मौजूद हैं। मेले में हर किताब पर कम से कम 10 प्रतिशत और अधिकतम 80 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

मेले में परिवार और बच्चों के संग आने वालों की तादाद भी खूब रही। मेले के लगभग हर स्टाल पर बच्चों की किताबें हैं। नेशनल बुक ट्रस्ट के स्टाल पर बच्चों की कथाओं की किताबों के संग क्रान्तिकारियों और लोक साहित्य प्रचुर मात्रा में है। उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के स्टाल पर प्रेमचन्द की कहानियों की किताबें बहुत ही कम मूल्य पर उपलब्ध हैं। निखिल पब्लिकेशन के स्टाल पर किड शृंखला की कार्टून और कहानियों के मिले जुले रूप वाली किताबें भी बच्चों को लुभा रही हैं। पुस्तक मेले में आज से साहित्यिक आयोजनों का दौर भी आरम्भ हो गया। इसके अलावा बच्चों के साथ सवाल जबाब प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसके आधार बच्चों को प्रमाणपत्र और मोमेंटो देकर पुरस्कृत भी किया गया। पुस्तक मेले में लगाये गए पीएम सेल्फी पॉइंट पर महिलाओं नें खूब सेल्फी ली। पुस्तक मेले में आयोजन से जुड़े सन्नो दुबे, धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय, भृगुनाथ त्रिपाठी पंकज, अरुण कुमार, डॉ. नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, उपेन्द्र, अनुराग श्रीवास्तव, संध्या दीक्षित, राम मूर्ति मिश्र, विशाल पाण्डेय, माधुरी, डॉ ज्योति सिंह, गरुन्ध्वज पाण्डेय सहित तामाम लोग मौजूद रहे।

## तीन प्रभारी चिकित्साधिकारियों का वेतन रोकने का निर्देश

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । विभिन्न योजनाओं में धीमी प्रगति पाये जाने पर जिलाधिकारी अंद्रा वामसी ने गौर, मरवटिया, बनकटी, रूधौली के प्रभारी चिकित्साधिकारियों का वेतन रोकने के लिए निर्देशित किया है। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में उन्होने मरवटिया के प्रभारी चिकित्साधिकारी के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही करने के लिए सीएमओ को निर्देशित किया है। उन्होने निर्देश दिया है कि एसीएमओ तथा डिप्टी सीएमओ के बीच समुचित कार्य आवंटन करें। साथ ही एक एसीएमओ की जनपद में तैनाती के लिए शासन को संस्तुति भिजवायें। उन्होने संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त होने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी कप्तानगंज का वेतन बहाल करने का निर्देश दिया है।



उन्होने सीएचसी हर्रैया में कोल्डचेन रिनोवेसन का कार्य कराने के लिए ईओ नगर पंचायत हर्रैया को निर्देशित किया है। उन्होने गायघाट स्वास्थ्य केन्द्र का कायाकल्प कार्य एक सप्ताह में पूरा कराने का निर्देश दिया है। जननी सुरक्षा योजना में लाभार्थियों के भुगतान पर उन्होने संतोष व्यक्त किया। उन्होने अवशेष 19 आशा का चयन समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया है। उन्होने स्वास्थ्य उपकेन्द्र रिनोवेसन, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के फंड, महिला नसबंदी, गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, 12 माह के पूर्व पूर्ण टीकाकरण तथा मरीजो के स्वास्थ्य का डिजिटल एकाउंट (आभा) तैयार करने की स्थिति की समीक्षा किया। उन्होने निर्देश दिया कि आभा के संबंध में सभी डाक्टर का प्रशिक्षण कराया जाय।

वित्तीय प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होने दुबौलिया, बनकटी, परसरामपुर, मरवटिया, विक्रमजोत के प्रभारी चिकित्साधिकारियों को पूर्ण कार्यो के सापेक्ष भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होने आउटसोर्सिंग पर कार्यरत 15 कम्प्यूटर आपरेटर तथा 6 एलटी के मानदेय के भुगतान करने का निर्देश दिया है।

उन्होने निर्देश दिया कि जनवरी माह में 1.69 लाख लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। इसके लिए उन्होने घर–घर सर्वे करने का निर्देश दिया है।

## व्यापारियों के सम्मेलन में उठेंगे जमीनी मुद्दे तैयारियां तेजः पदाधिकारियों में दायित्वों का वितरण

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । बस्ती उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल का स्वर्ण जयन्ती व्यापारी सम्मेलन आगामी 13 जनवरी को सिद्ध विनायक मैरेज हाल के सभागार में दिन में 11 बजे से होगा। सम्मेलन की सफलता के लिये पदाधिकारी और कार्यकर्ता व्यापारियों से निरन्तर सम्पर्क कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष आनन्द राजपाल और सूर्य कुमार शुक्ल ने पदाधिकारियों के साथ तैयारी बैठक कर दायित्वों का वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष मुकंन्द मिश्रा हिस्सा लेंगे।

व्यापारी सम्मेलन में व्यापारियों से जुडे मुद्दे प्रमुखता से उठाये जायेंगे। जिलाध्यक्ष आनन्द राजपाल ने बताया कि जिला परिषद द्वारा वसूले जा रहे सी.पी. टैक्स (वैभव कर) समाप्त किया जाने, नगर पालिका परिषद द्वारा जारी लाइसेंस शुल्क को समाप्त किये जाने, बाट माप विभाग द्वारा बाट माप पर मोहर लगाने की अवधि 5 करने, जी.एस.टी. (2017–18) में मिस मैच या आई.टी.सी. के नाम पर व्यापारी उत्पीड़न बन्द कर उसे समाप्त किये जाने, विद्युत विभाग कमर्शियल व घरेलू के नाम पर विद्युत कनेक्शन की आड़ में व्यापारियों का उत्पीड़न बन्द करने, व्यापारिक स्वास्थ्य बीमा लागू करने, व्यापारियों से सम्बन्धित विभागों में व्यापारी सेल का गठन कियये जाने, बुजुर्ग व्यापारियों के लिए व्यापारी पेंशन योजना लागू करने, बस्ती विकास प्राधिकरण का मानक पूरा न होने के कारण इसकी मान्यता समाप्त किये जाने, शिक्षक एम.एल.सी. की तरह व्यापारी एम.एल.सी. का चुनाव किये जाने आदि कि मुद्दे सम्मेलन में प्रमुखता से उठाये जायेंगे।

बस्ती उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के मण्डल उपाध्यक्ष नोमान अहमद ने बताया कि सम्मेलन की सफलता के लिये व्यापारियों से व्यापक सम्पर्क किया जा रहा है। सम्मेलन के तैयारी बैठक में मुख्य रूप से हर्षित अग्रवाल, ऋषभ गुप्ता, धर्मेन्द्र चौरसिया, अशोक निगम, प्रभात सोनी (आर्यन) मो. एहसानुल्लाह कैफ, नीरज कसौधन, आशुतोष पाण्डेय आदि शामिल रहे।

## बिलकिस बानो पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला गुजरात सरकार के मुंह पर झन्नाटेदार तमाचा-महेन्द्र श्रीवास्तव

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । कांग्रेस आर.टी.आई. विभाग के प्रदेश महासचिव एवं बस्ती, गोरखपुर मण्डल प्रभारी महेन्द्र श्रीवास्तव ने बिलकिस बानो गैंगरेप मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा 11 दोषियों की सजा माफी के फैसले को रद्द करने के निर्णय का स्वागत करते हुये कहा कि देर से ही सही यह न्याय की जीत है। इस फैसले से सुप्रीम कोर्ट के प्रति भरोसा और मजबूत हुआ है।



प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से कांग्रेस नेता महेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला गुजरात सरकार के मुंह पर झन्नाटेदार तमाचा है। उन्होंने मांग किया कि गुजरात के मुख्यमंत्री अपना त्याग पत्र दें। यदि वे त्याग पत्र नहीं देते तो मुख्यमंत्री को बर्खास्त कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुजरात सरकार को पूरे देश से माफी भी मांगनी चाहिए। बिलकिस बानो के दोषियों की सजा माफ करने का फैसला गुजरात की भाजपा सरकार का था। कहा कि बिलकिस बानो प्रकरण से नारी जाति शर्मिंदा हुई थी। अपराधियों को जेल में होने के बजाय सरकार की तरफ से रिहाई मिल गई थी। दोषियों की रिहाई पर विजय पर्व भी मनाया गया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार को आईना दिखा दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम युगों से लोगों के हृदय में है। यदि भाजपा को मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम पर निष्ठा होती तो बिलकिस बानों के साथ गुजरात सरकार ने जो किया वह कदापि न होता। भाजपा के कथनी–करनी में भेद है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद यह स्पष्ट हो गया है। देश की महिलायें भाजपा को क्षमा नहीं करेगी और आने वाले लोकसभा के चुनाव में इसकी प्रतिक्रिया देखने को मिलेगी। राजस्थान की जनता ने भजनलाल सरकार में मंत्री सुरेन्द्र पाल सिंह टी.टी. को करारी हार देकर और कांग्रेस प्रत्याशी रूपिन्दर सिंह ने पराजिज कर इसकी शुरूआत कर दिया है। देश, प्रदेश की ऊबी जनता का अब भाजपा से मोहभंग हो रहा है। कांग्रेस पुनः जन समर्थन से केन्द्र में सरकार बनायेगी।

## राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष पर जान लेवा हमला मुकदमा दर्ज कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रेम नन्दवंशी को अराजक तत्वों द्वारा मारने पीटने का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर देने के बावजूद अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है। मामले में दोषियों के गिरफ्तारी की मांग को लेकर भारत मुक्ति मोर्चा द्वारा 10 जनवरी बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना देने की चेतावनी मोर्चा जिलाध्यक्ष आर.के. आरतियन ने दी है।



### –भारत मुक्ति मोर्चा ने दिया धरने की चेतावनी

जिलाधिकारी को दिये पत्र में भारत मुक्ति मोर्चा जिलाध्यक्ष आर.के. आरतियन ने कहा है कि मामला गंभीर है और कोतवाली पुलिस न्याय दिलाना तो दूर मुकदमा तक दर्ज नहीं कर रही है। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रेम नन्दवंशी ने कोतवाली पुलिस को दिये तहरीर में कहा है कि गत 7 जनवरी रविवार को वे कोतवाली थाना क्षेत्र के रोडवेज तिराहा स्थित पाल होटल से खाना खाकर जब बाहर निकले तो रात्रि लगभग 9 बजे लगभग 15 से 20 लोगों ने अकारण उनके ऊपर जान लेवा हमला बोल दिया और लगभग 2 हजार रूपया छीन लिया। 5 से अधिक लोग मोटर साईकिल पर सवार हुये और एक कार नम्बर यू.पी. 51–ए.के.–9777 पर उन्हें जबरिया बैठा लिया गया। मारने पीटने के बाद बदमाशों ने उन्हें न्यू आदर्श हास्पिटल के सामने जान से मारने की धमकी देने के साथ ही उतार दिया। घटना के बाद ही कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस द्वारा इस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई न किये जाने से राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा और भारत मुक्ति मोर्चा संगठनों में रोष है। पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मांग किया है कि सी.सी.टी.वी. फुटेज निकालकर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई किया जाय अन्यथा वे धरना प्रदर्शन को मजबूर होंगे।

